भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) का न्यूज लेटर

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विक्रम सम्वत् - 2080 | मासिक पत्रः सितम्बर 2023 | पृष्ठः 4 | दिल्ली

# बिजनेस सेमिनार 3.0 एवं नवरत्न सम्मान 2023

भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा बिजनेस सेमिनार 3.0 एवं नवरत्न अवार्ड-2023 का भव्य आयोजन रोहिणी के होटल क्राउन प्लाज़ा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर देशभर की व्यापार जगत की बड़ी-बड़ी हस्तियां इस कार्यक्रम में जुटी। कार्यक्रम में जहां व्यापार जगत के बड़े-बड़े वक्ताओं ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए नई पीढ़ी के व्यापारियों को अपने विचारों से आधुनिकीकरण के चलते बदलावों की जानकारी दी, वही व्यापार क्षेत्र में उभरती हुई नई प्रतिभाओं को नवरत्न अवार्ड 2023 प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तीन सत्र में किया गया।

प्रथम सत्र का आयोजन अनुभव सत्र के रूप मे हुआ। मंच का संचालन भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय कवि श्री राजेश चेतन, श्री प्रमोद शर्मा व श्रीमती सुनीता जैन ने किया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों का परिचय देते हुए श्री राजेश चेतन ने कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात वक्ता के तौर पर Navratna 2022 श्री रमेश अग्रवाल, श्री प्रेम कुमार भजनका, श्री पीडी अग्रवाल,श्री नरेंद्र सिंघानिया, श्री महेंद्र अग्रवाल, श्री हंसराज रल्हन ने अपने अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। इसी सत्र में बिजनेस आईकॉन एडवोकेट श्री जेके मित्तल, स्टेज फाउंडर श्री विनय सिंघल, वन ग्रुप के चेयरमैन श्री सुनील जैन को नवरत्ना अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन करते हुए श्री राजेश चेतन ने बताया कि नवरत्ना अवॉर्ड 2023 प्राप्त करने वाले सभी जन आज देश में अपने अपने व्यापार में नई छाप छोड़ रहे हैं और भिवानी का नाम रोशन कर रहे हैं।

द्वितीय सत्र अर्थसत्र के नाम से हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता ITAG बिजनेस सॉल्यूशन लिमिटेड के निदेशक डा. धनपत राम अग्रवाल ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से वैश्वीकरण और उसकी चुनौतियां संबोधित करते हुए नई पीढ़ी को एक नई दिशा दिखाई। इसी सत्र में नवरत्ना अवॉर्ड 2023 से एसपी गोल्डन ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी श्री नरेंद्र चौहान, कॉन्टिनेंटल मिलकोस इंडिया लिमिटेड के फाउंडर एंड चेयरमैन श्री एस एस अग्रवाल, एमके एप्पस के सीईओ श्री मोहित यादव को सम्मानित किया गया।

तृतीय सत्र नीति सत्र के नाम से आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता स्पीकर, लेखक, निदेशक सीए अतुल सत्य कौशिक ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को महाभारत की विदुर नीति के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि महाभारत की "विदुर नीति" सभी को यह सिखाती है कि कैसे सही और न्यायिक तरीके से जीवन के मुद्दों का सामना करना चाहिए। विदुर नीति में विचारशीलता, नैतिकता, और समझदारी के महत्व को उजागर किया गया है। यह नीति हमें संघर्षों, समस्याओं, और विवादों का सही तरीके से सामना करने के उपाय देती है। आपका कहने का मतलब है कि आज के समय में विदुर नीति का महत्व बढ़ गया है, और हमें इसे अपने दैनिक जीवन और व्यवसाय में अपनाना चाहिए। यह सही है कि विचारशीलता, समझदारी, और नैतिकता हमारे आधुनिक जीवन में भी आवश्यक हैं ताकि हम सही और न्यायिक रूप से मुद्दों का समाधान कर सकें। इसी सत्र में एटलस समूह के चेयरमैन श्री सुशील गुप्ता, फॉर्चून मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के एम डी श्री मनोज गुप्ता, पंडित राम निवास भागमल रामस्वरूप पप्पू को बिजनेस आइकन 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित युवा पीढ़ी के व्यापारियों ने भिवानी परिवार मैत्री संघ के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वक्ताओं के अनुभव से उन्हें बहुत ही कम समय में बहुत ज्यादा सीखने को मिला है और यह भविष्य में उनके लिए अच्छा मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम का समापन भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन के सानिध्य में राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

इस अवसर पर संस्था के पूर्व प्रधान श्री नवल किशोर गोयल, एवं बहुत से गणमान्य मौजूद रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासचिव श्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री संजय जैन, श्री प्रमोद शर्मा, श्री सुनील शर्मा,श्री महादेव जिंदल,श्री नत्थूराम जैन,श्रीमती मीनाक्षी गर्ग, श्रीमती पूजा बंसल,श्री पवन मोड़ा, श्री विनय सिंघल, श्री मनीष गोयल, श्री हंसराज रल्हण,श्री गोबिंदराम बंसल,श्री सुनील बंसल, श्री संजय जैन,श्री सचिन मेहता, श्री रमेश गोयल, श्री वरुण मित्तल,श्री संजय गोयल, श्री आशीष अग्रवाल, श्री क्षितिज मित्तल,श्री सांवरमल गोयल,श्री अमर दीप सिंघल, श्री नवीन जयहिंद, श्रीमती सुनीता जैन,श्री राघव जैन,श्री कपिल बगडिय़ा,श्री सुनील जैन, श्री राजीव सहगल का विशेष योगदान रहा।

**कार्यक्रम की जानकारी फेसबुक पर नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध है -**
**https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid02RqgnzqFCeKdNTdRRDPvn2row2Mn81m8FaK2Hhrq2HPrJjtpTPj3Vq3ZhHbucVBuml&id=100064371742551&mibextid=9R9pXO**




























# कैंसर केयर गोष्ठी, सम्मान समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन (10 अगस्त 2023)

कैंसर केयर ग्रुप भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा कैंसर केयर गोष्ठी, सम्मान समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर के इन्द्रप्रस्थ हॉल में किया गया। कार्यक्रम का संचालन भिवानी परिवार मैत्री संघ के प्रधान श्री राजेश चेतन और श्रीमती मीनाक्षी गर्ग ने किया। कार्यक्रम में अरुण वस्त्र भंडार के चेयरमेन श्री सचिन जैन मुख्य अतिथि के रूप में, आरजीसीआइआरसी के सीईओ श्री डी.एस. नेगी समारोह गौरव के रूप में, आरजीसीआइआरसी के निदेशक डॉ सुधीर रावल विशिष्ट अतिथि के रूप में, श्री प्रमोद महेश्वरी उपस्थित रहे। इस मौके पर आरजीसीआइआरसी के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश भुरानी एवं डॉ नरेंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी महानुभावों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉन्टिनेन्टल मिलकोस इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री एस एस अग्रवाल जी ने की ।

मुख्य अतिथि के रूप में आरजीसीआइआरसी के सीईओ श्री डी एस नेगी ने अपने सम्बोधन में भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा कैंसर केयर के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की खुल कर तारीफ करते हुए कहा कि बीपीएमएस द्वारा अभी तक करीब 300 कैंसर पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं, उन्होंने कहा कि अभी तक हमारे द्वारा सालाना 30 से 35 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता कैंसर पीड़ितों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसे समाज व समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिल कर 200 करोड़ रुपये करने की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम में आरजीसीआइआरसी के डॉ उल्लास बत्रा द्वारा कैंसर पर आधारित एक क्विज़ प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें लोगों ने कैंसर होने के कारण, उपचार एवं क्या एहतियात लेनी चाहिए इस पर चर्चा की।

इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि श्री राजेश चेतन, श्री अनिल अग्रवंशी, श्री राजेन्द्र कलकल व श्रीमती बलजीत कौर, श्री विनीत पांडे एवं संस्था के उपप्रधान श्री हसंराज रल्हन ने अपनी कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का समापन कैंसर केयर ग्रुप के संयोजक श्री महेंद्र तायल ने सभी का धन्यवाद करके किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की कैंसर केयर ग्रुप के संयोजक श्री महेंद्र तायल, श्रीमती मीनाक्षी गर्ग, श्री रवींद्र कनोडिया, श्री नीलमणि चांदगोठिया, श्री विपिन भगेरिया, श्री संजीत गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भिवानी परिवार मैत्री संघ की कार्यकारिणी से श्री विनय सिंघल, श्री एन आर जैन, श्री संजय अग्रवाल, श्री मनीष गोयल, श्री संजय गोयल, श्रीमती पूजा बंसल, श्री रमेश गोयल भी उपस्थित रहे।






















**भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा दिनांक 7 अगस्त 2023 को प्रशांत विहार के सियाल किचन में CA (सीए) सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में भिवानी जिले से संबंध रखने वाले बच्चों को, जिन्होंने हाल ही में CA की परीक्षा पास की है, सम्मानित किया गया।**
















भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) की मुख्य मासिक पत्रिका
BPMS NEWS
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्
सम्पादक
जगत नारायण भारद्वाज
सह-सम्पादक
सुनीता शर्मा व मनीष गोयल
प्रबंध-सम्पादक
सुश्री मंजीत मरवाहा
कार्यालय
भिवानी परिवार मैत्री संघ, पंजीकृत (BPMS)
BPMS Library, प्रशांत विहार रोड, नजदीक सीता अपार्टमेंट, सेक्टर 14, रोहिणी, दिल्ली-85
दूरभाष : 9999305530, E-mail: admin@ebhiwani.com
http://www.ebhiwani.com

# निःशुल्क नेत्र जांच ऑप्रेशन व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

हर माह के तीसरे बुधवार को स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा लगाया जाने वाला आंखों की जांच व मोतियाबिंद का लैंस ऑप्रेशन शिविर व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन इस बार १६ अगस्त २०२३ को किया गया जिसमें ३५० लोगों की नेत्र जांच हुई । कैंप के आयोजन में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर गुरूग्राम व राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सैंटर दिल्ली के चिकित्सकों की टीम का विशेष सहयोग रहा। जिसमें से 70 से अधिक लोगों को नि:शुल्क नेत्र ऑप्रेशन के लिए चयनित कर गुरूग्राम के इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर के लिए रवाना किया गया। वही ११० लोगों की नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग जांच भी हुई जिसमें से २ कैंसर के लक्षण पाए गए। अभी तक पिछले तीन कैंप में जो भी ऑप्रेशन हुए है, वो पूरी तरह से सफल एवं लाभप्रद रहे हैंहैं।









# नारी तू नारायणी

**"यत्र नार्यस्त्रू पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता"**



**मनजीत मरवाहा**

अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता वास करते हैं। इस तरह शास्त्रों में नारी की महिमा बताई गई है। भारतीय समाज में नारी का एक विशिष्ट स्थान रहा है। भारत में नारी की पूजा होती है। हमारे देश में उन महिलाओं की एक लंबी फेहरिस्त है जिन्होंने अपने दम पर अपने ख्वाबों को पूरा किया और भारत को गौरवान्वित किया। हमारे देश की बेटियों ने ना केवल भारत का नाम रोशन किया बल्कि वो विश्व में भी एक मिसाल बनी।

एक ओर अरुंधति राय जैसी समाज सेविका ने अपने लेखन से भी अमीट छाप छोड़ी, वहीं वंदना शिवा ने अहिंसात्मक "चिपको आंदोलन" भाग लेकर दिखा दिया कि नारी कुछ भी कर सकती है। यह आंदोलन पर्यावरण संबंधित था और पर्यावरण संरक्षण के लिए इन महिलाओं ने सकारात्मक काम कर के अपनी पहचान बनायी । संपत पाल देवी गुलाबी गैंग का नेतृत्व करती रही। घरेलू हिंसा के विरोध में गुलाबी साड़ी पहनकर महिलाओं के हक के लिए आवाज उठाकर उन्होंने मिसाल कायम की। वहीं देश को गौरवान्वित करने में भी महिला खिलाडियों का अत्याधिक योगदान रहा है। पी टी उषा ने दौड़ में कीर्तिमान स्थापित किए। सायना नेहवाल भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी है। इन्हे राजीव गांधी खेल रत्न से पुरस्कृत किया गया है। टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुकी हैं । 2009 में वह भारत की तरफ से ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। मैरी कॉम ने मुक्केबाजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जीत दर्ज कराई। किरण बेदी एक निहायत ही अनुशासन प्रिय पुलिस ऑफिसर के तौर पर नारी की उपलब्धि का जीता जागता उदाहरण है।

ये कुछ चुनिन्दा नाम है जिन्होंने देश को अपनी उपलब्धियों से गौरवांवित किया। कवयित्री नारी के सम्मान में लिखती है -

**"नारी तू नारायणी, तुझसे ही संसार बना।**

**तेरे रूप अनेक यहां, हर रूप में तू है पूजनीया।**

**कभी मां बन सृष्टि रचती, कभी पत्नी बन त्याग करे,**

**कभी बहन बन कर भाई के पग पग जीवन के साथ रहे,**

**सृष्टि का श्रृंगार है तू, प्रकृति का अनुपम उपहार है तू,**

**इसे नकारो न लोगो, इससे जीवन का सार बना,**

**नारी तू नारायणी, तुझसे ही संसार बना"**

यह मानना है कि जाहिर तौर पर इस देश की परंपरा नारी तू नारायणी की रही है। निसंदेह नारी नाजुक है, सुंदर है किंतु ओजस्विता और सहजता का श्रृंगार है नारी। नारी के कई रूप हैं। नारी जननी है, मार्गदर्शिका है, बेटी है, बहन है, पत्नी है और एक प्यारी दोस्त भी है। नारी तो देवी है । प्रकृति की एक बेहद खूबसूरत रचना। नारी के बारे में सदियों से बहुत कुछ लिखा जाता रहा है। 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नारी रिश्तों को अर्थ देती है। हर भावना की अभिव्यक्ति है। कभी मीरा, कभी राधा, कभी भक्ति कभी शक्ति रस भरती जीवन में बनकर मां, बहन, पत्नी, बेटी - यह सभी एहसास कराती है। नारी एक एहसास है, आशा है, विश्वास है। नारी जीवन में नवप्राण फूंक दे -ऐसा अद्भुत विश्वास है। नारी कभी मदर टेरेसा कभी इंदिरा तो कभी मीरा बन जाती है

**"नारी शक्ति स्वरूप है, नारी तू नारायणी"**

**"तू करती जग कल्याण, नारी तू नारायणी"**

# जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं



**3 SEP**
श्री प्रदीप गुप्ता
(संरक्षक)



**4 SEP**
श्री रमेश गोयल
(चेयरमैन-रोहिणी 1)



**6 SEP**
भिवानी गौरव
श्री रमेश अग्रवाल



**6 SEP**
श्री देवेन्द्र गोयल
(संरक्षक)



**9 SEP**
श्री अशोक भारद्वाज
(संरक्षक)




**17 SEP**
भिवानी गौरव
श्री राम अवतार कौशिक



**21 SEP**
श्री विजय जिंदल
(संरक्षक)



**21 SEP**
भिवानी गौरव
श्री प्रमोद मेहता



**22 SEP**
श्री रामानंद अंचल
(संरक्षक)



**30 SEP**
भिवानी गौरव
सुश्री मंजीत मरवाहा

# वस्त्र एवं वस्तु संग्रह शिविर

भिवानी परिवार मैत्री संघ की वस्त्र एवं वस्तु समिति द्वारा 26 अगस्त 2023 को भिवानी परिवार मैत्री संघ की लाइब्रेरी जोकि प्रशांत विहार में स्थित है "गूंज" संस्था के सहयोग से दूसरी बार वस्त्र एवं वस्तु संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इस बार काफी मात्रा में सामग्री इकट्ठा की गई, जिसमें कपड़े, बर्तन, खिलौने, किताबें, फर्नीचर आदि बहुत सा सामान इकट्ठा हुआ और "गूंज" सरिता विहार भेजा गया जहां से जरुरतमन्द लोगों तक भेजा जाएगा।















**श्री स्वामी मुरलीधर जी आचार्य 'तिलक'**

आप बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। आपने भिवानी से सर्वप्रथम दैनिक 'श्री रंगनाथ' हिंदी समाचार पत्र का संपादन एवं प्रकाशन किया। इसके साथ ही आपने भिवानी - इतिहास के अतीत तथा वर्तमान नामक दो खंडों का लेखन एवं प्रकाशन किया। आयुर्वेद चिकित्सा में आपकी पूर्ण निष्ठा थी। इसी के चलते आपने मालीवाड़ा (दिल्ली) में आयुर्वेद औषधालय की स्थापना की। गोरक्षा आंदोलन का नेतृत्व करते हुए उन्होंने कलकत्ता के सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री सोहनलाल दुग्गड़ के साथ जेल यात्रा की। वैष्णव संप्रदाय के पुरोधा आचार्य मुरलीधर जी का कण्ठ बहुत मधुर था उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी द्वारा 'श्रीमद्भागवत कथा' का व्यासपीठ से प्रचार प्रसार करके सनातन धर्म की सेवा की। आचार्य जी के दो सुपुत्र भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए धर्म तथा समाज की सेवा में समर्पित रहे। बड़े सुपुत्र श्री स्वामी बलदेवाचार्य जी ने वृंदावन में भारत प्रसिद्ध 'श्री धाम गोदा विहार मंदिर' की स्थापना की। उनके छोटे सुपुत्र श्री आचार्य हरीश शर्मा एक साहित्यकार थे।वे भी कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे।उन्होंने कई धार्मिक एवं साहित्यिक पुस्तकों का लेखन किया तथा अपनी संगीतमयी वाणी से श्रीमद्भागवत कथा' का जन-जन में प्रचार-प्रसार किया।

श्री मुरलीधर आचार्य एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।उनका सक्रिय योगदान और संसर्ग अनेक श्रेष्ठि पुरुषों के साथ रहा। 21 नवंबर सन 1940 में भिवानी के वैश्य कॉलेज की स्थापना सेठ जुगलकिशोर बिड़ला द्वारा की गई थी। उस समय उनके सम्मान में भिवानी नगर की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट करने का श्रेय मुरलीधर आचार्य को ही जाता है।रायबहादुर श्री श्रीदत्त शर्मा ने ऋषिकेश में आत्म विज्ञान भवन का निर्माण कराया था।तत्कालीन नेपाल नरेश ने उसका उद्घाटन किया था।तब श्रीदत्त शर्मा जी के साथ आचार्य जी ने नेपाल नरेश को मानपत्र भेंट किया था। दादू पंथ के श्री जयराम दास जी ने इनसे परामर्श करने के बाद ही दादू द्वारा की गद्दी संभाली थी।ये एक सामाजिक कार्यकर्ता भी रहे हैं।रामलीला कमेटी के अतिरिक्त आप अनेक संस्थाओं के आदरणीय सक्रिय सदस्य रहे हैं।



**जगत नारायण भारद्वाज**

## बीपीएमएस की सेवा समितियां

| समिति | प्रभारी | चेयरमैन |
|---|---|---|
| मैट्रीमोनियल समिति | श्री राजेश चेतन | श्री सुनील बंसल |
| कैंसर केयर समिति | श्री दिनेश गुप्ता | श्रीमती मीनाक्षी गर्ग |
| वस्तु-वस्त्र समिति | श्री संजय जैन | श्री संजय गुप्ता |
| बिजनेस पाठशाला | श्री प्रमोद शर्मा | श्री सचिन मेहता |
| पर्यावरण समिति | श्री सुशील गनोत्रा | श्रीमती पूजा बंसल |
| अपना घर आश्रम समिति | श्री हंसराज रलहन | श्री सांवरमल गोयल |
| अंगदान-नेत्रदान समिति | श्री सुनील अग्रवाल | श्री एन आर जैन |
| शिक्षा समिति | श्री पवन मोडा | श्री संजय जैन |
| टुरिज़्म समिति | श्री मनीष गोयल | श्री उमेश मित्तल |
| स्वास्थ्य समिति | श्री विनय सिंघल | श्री वरुण मित्तल |

## चेतन वाणी



**कवि राजेश चेतन**

बहनों की आँखों का तारा रक्षाबंधन
पावनतम त्यौहार हमारा रक्षाबंधन

बाट जोहतीं भाई की जो उत्सुकता से
बहनों को है सबसे प्यारा रक्षाबंधन

धागे और कलाई का ये पावन रिश्ता
निर्मल जैसे गंगा-धारा रक्षाबंधन

धागे कच्चे होंगे पर रिश्ते हैं पक्के
इक दूजे का बने सहारा रक्षाबंधन

वृक्षों को भी छोटी-छोटी राखी बाँधें
माँ कुदरत का भव्य नज़ारा रक्षाबंधन

सीमाओं के हर फौजी को याद करेंगे
भारत माँ का जय-जयकारा रक्षाबंधन

प्रेम-प्यार मिलजुलकर बाँटें इस दुनिया में
गूँजे मानवता का नारा रक्षाबंधन

**पाठकों: इस पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं। आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित हैं।**
**संपर्क: 9999305530, admin@ebhiwani.com**

## व्रत-त्योहार सितम्बर 2023

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : गुरूवार 7 सितम्बर
- कलंक चतुर्दशी : सोमवार 18 सितम्बर
- सिद्धिविनायक गणेशोत्सव : मंगलवार 19 सितम्बर
- ऋषि पंचमी : बुधवार 20 सितम्बर
- राधाष्टमी : शनिवार 23 सितम्बर
- श्रीचंद नवमी (उदासीन) : रविवार 24 सितम्बर
- अनंत चतुर्दशी : गुरूवार 28 सितम्बर
- महालय पितृ पक्ष प्रारंभ : शुक्रवार 29 सितम्बर